एक नजर में

पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

शुजालपुर, 28 जून . सिविल अस्पताल शुजालपुर में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हुआ . प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की . इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने अभिभावकों से अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने की अपील की . कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, नरेंद्र परमार, अभिनंदन जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे . स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ . शारदा रामसरिया, शिशु रोग विशेषज्ञ एवं नोडल टीकाकरण अधिकारी डॉ . रामसलोने मिश्रा, राजेश पांडेय, जया महेश्वरी, संतोष पांडेय, विक्रम परमार सहित समस्त एएनएमए स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ तथा सिविल अस्पताल का चिकित्सकीय एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे . अभियान के तहत शुजालपुर क्षेत्र में कुल 41 बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई . स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभियान के लिए 8,836 बच्चों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें पहले दिन 7,345 बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई गई . प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ . शारदा रामसरिया ने बताया कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना है . उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि यदि कोई बच्चा छूट गया हो तो आगामी चरण में उसे भी पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं, ताकि पोलियो मुक्त भारत का संकल्प साकार हो सके .

बाइक फिसलने से दंपत्ति घायल

शाजापुर, 28 जून . नेशनल हाईवे-52 पर बिजाना जोड़ के पास अचानक मवेशी के आ जाने से बाइक फिसल गई, जिससे बाइक सवार दम्पत्ति घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रैफर किया गया है . घटना रविवार दोपहर करीब 1 बजे की है . जब पनवाड़ी निवासी माजिद 60 और उनकी पत्नी मुनव्वर बी 55 पनवाड़ी से आंख का इलाज कराने के लिए बाइक से मक्सी जा रहे थे . बिजाना जोड़ के पास अचानक एक मवेशी उनकी बाइक के सामने आ गया . जिसे बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए . जिन्हें डायल-112 के पायलट राजेंद्र सिकरवार और प्रधान आरक्षक अशोक ने जिला अस्पताल पहुंचाया . जहां डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें इंदौर रैफर किया गया .

बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की

शाजापुर, 28 जून . पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई . इस दौरान नगर के आंगनवाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य संस्थाओं के साथ-साथ रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भी टीमें तैनात की गई, ताकि कोई भी बच्चा पल्स पोलियो की दवा पीने से वंचित न रह सके . इस दौरान अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों ने अभियान का शुभारंभ किया . रविवार को पल्स पोलियो अभियान के तहत 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है . जिले में कुल 1 लाख 31 हजार 86 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है . इसके लिए स्वास्थ्य संस्थानोंए आंगनवाड़ी केंद्रों और अन्य चिह्नित स्थानों पर पोलियो बूथ बनाए गए हैं, जहां सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक खुराक पिलाई गई . मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ . कमला आर्य ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं . कुल 1053 बूथ टीमों का गठन किया गया है . इसके अलावा 36 ट्रांजिट टीमें, 19 मोबाइल टीमें और 138 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं . पूरे अभियान में लगभग 2349 अधिकारी-कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं .

विधायक ने किया अभियान का शुभारंभ

रविवार को विधायक अरूण भीमावद ने जिला अस्पताल पहुंचकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया . उन्होंने अस्पताल में नवजात को पोलियो की दवा पिलाई . इसके बाद बारी-बारी से बच्चों को दवा पिलाने का काम किया गया . शाम 5 बजे तक सभी जगह पोलियो की खुराक पिलाई गई, ताकि सभी बच्चे पोलियो से मुक्त रहे . सीएमएचओ डॉ . कमला आर्य ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो रोधक दवा की खुराक अवश्य पिलाएं . उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही पोलियो मुक्त भारत का लक्ष्य पूरी तरह सफल बनाया जा सकता है . अभियान के अंतर्गत ऐसे बच्चों को भी पोलिया की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया, जो सफर कर रहे हैं . इसके लिए रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड सहित सार्वजनिक स्थलों पर भी टीमों को तैनात किया गया, ताकि सभी बच्चों को पालियो की दवा पिलाई जा सके .

बारिश के बाद भी उमस से बेहाल नगरवासी

शाजापुर, 28 जून . शनिवार रात को हुई झमाझम बारिश ने नगरवासियों को राहत तो दी, लेकिन रविवार सुबह होते ही निकली धूप ने यह राहत छीन ली, जिससे लोगों का गर्मी से बुरा हाल होने लगा . इस गर्मी से लोगों को शाम तक भी राहत नहीं मिल सकी . एक दिन पहले शनिवार को भी नगरवासियों का गर्मी से बुरा हाल हो रहा था, लेकिन शाम को अचानक मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ आसमान पर काले बादल छा गए . इसके बाद हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते तेज बारिश में बदल गई . यह बारिश रात करीब 1 बजे तक जारी रही . इस दौरान 39 एमएम वर्षा दर्ज की गई . जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल गई . लेकिन रविवार सुबह से ही आसमान पूरी तरह साफ हो गया और तीखी धूप खिल गई . वहीं हवाओं ने भी नगर का साथ छोड़ दिया, जिससे लोगों का गर्मी व उमस से बुरा हाल हो गया . इस दिन अधिकतम तापमान 35 .3 व न्यूनतम तापमान 24 .2 दर्ज किया गया . मौसम विभाग की मानें, तो 2 जुलाई तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा और दोपहर में तेज गर्मी का सामना करना होगा, जिसके बाद शाम को बारिश की संभावना बनी हुई है . जमीन में पर्याप्त नमी के अभाव में बोवनी की बाट जोह रहे कई किसानों ने रविवार को खेतों में पहुंचकर बोवनी के कार्य का शुभारंभ किया . शनिवार रात को हुई बारिश से पर्याप्त नमी पहुंच गई . जिससे किसान अब आसानी से काम शुरू कर सकते हैं . हालांकि कई किसान अपने खेतों में बुआई कर चुके हैं, लेकिन कई किसान अच्छी बारिश के इंतजार में रूके हुए थे और उनका यह इंतजार शनिवार रात को पूरा हुआ . इधर मौसम विभाग ने 2 से 4 जुलाई के बीच मानसूनी बारिश शुरू होने की संभावना जताई है .

बेखौफ अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं होटल और गार्डन

नगर पालिका के नोटिस का जवाब तक नहीं दिया संचालकों ने

शाजापुर, 28 जून. लगातार देश-प्रदेश में होटलों में आगजनी की घटना हो रही है और घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि अधिकांश होटल और गार्डनों में फायर एनओसी नहीं होने के बाद भी ये किस आधार पर संचालित हो रहे हैं. नवभारत ने शाजापुर में भी ऐसे ही बिना लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित होटल और गार्डन को लेकर खबर प्रकाशित की थी, जिस पर नगर पालिका ने नोटिस तो जारी किए, लेकिन किसी भी गार्डन और होटल संचालक ने नगरपालिका के नोटिस का जवाब देना भी उचित नहीं समझा.

गौर करने वाली बात है कि शाजापुर में एक भी होटल और गार्डन के पास न तो फायर एनओसी है, न ही होटल का लाइसेंस है. इतनी बड़ी गंभीर लापरवाही के बावजूद शहर में बिना खौफ खुलेआम अवैध रूप से होटल और गार्डन संचालित हो रहे हैं. दिल्ली और लखनऊ की घटना के बाद जब शहर के होटल और गार्डनों की पड़ताल नवभारत ने की, तो पता चला कि शहर के एक भी होटल के पास न तो लाइसेंस है, न ही फायर एनओसी है. कई गार्डन तो सम्पत्ति कर तक नहीं भर रहे हैं. खबर के बाद नगरपालिका ने नोटिस जारी किए, लेकिन नगर पालिका के नोटिस को लेकर गार्डन और होटल संचालक गंभीर नहीं दिखाई दिए. यही कारण है कि एक भी होटल संचालक और गार्डन संचालक ने इन नोटिस का जवाब तक नहीं दिया.

कई होटल और गार्डन पर बकाया है सम्पत्ति कर

शहर के कई होटल और गार्डन ऐसे हैं, जिन्होंने सालों से नगर पालिका का सम्पत्ति कर नहीं भरा है. न ही किसी के पास फायर एनओसी है, न होटल संचालन के लिए ट्रेड लाइसेंस है. यहां तक कि कई होटल तो ऐसे हैं, जिनकी आधी परमिशन व्यवसायिक है और आधी घरेलू. इनके पास न तो पार्किंग की व्यवस्था है और न ही इमरजेंसी एक्जिट के लिए कोई विकल्प. यदि इन होटल और गार्डनों में कोई हादसा या आगजनी होती है, तो दिल्ली और लखनऊ जैसी घटनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता.

केवल दो गार्डन संचालकों ने दी जानकारी

शहर के एक दर्जन से अधिक गार्डन संचालकों में से केवल दो गार्डन संचालकों ने ही जानकारी दी, बाकी गार्डन संचालकों ने नगर पालिका के नोटिस को कचरे के डिब्बे में फैंक दिया . होटल संचालकों ने तो नपा के नोटिस को जरा भी गंभीरता से नहीं लिया . अब देखना यह है कि शाजापुर नगर पालिका इन अवैध होटल संचालकों और गार्डन संचालकों के खिलाफ केवल नोटिस की कार्यवाही तक सीमित रहती है या फिर इस पर कार्यवाही कर पाती है .

क्या अवैध होटल और गार्डनों पर होगी कार्रवाई ...?

शहर में बिना ट्रेड लाइसेंस के संचालित हो रहे होटलों पर नगर पालिका कार्यवाही कर पाएगी या फिर मामला नोटिस तक ही सीमित होकर रह जाएगा . समय रहते यदि इन अवैध होटलों और गार्डनों पर कार्यवाही नहीं की गई, तो किसी भी दिन दिल्ली, लखनऊ जैसी आगजनी की घटना शाजापुर में भी हो सकती है . इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा . यदि जनहानि होती है, तो इसकी जवाबदारी कौन लेगा .

इनका कहना है

जिन होटल और गार्डन संचालकों को नोटिस जारी किया गया था. उनमें से केवल दो लोगों ने जवाब दिया. बाकी लोगों को दोबारा नोटिस जारी किए जा रहे हैं. यदि इसके बाद भी संतोषप्रद जवाब नहीं आता है, तो बिना लाइसेंस संचालित होटल और गार्डनों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही हर हाल में की जाएगी.

- भूपेंद्र कुमार दीक्षित, सीएमओ-शाजापुर

सभी बूथों पर सुनी मन की बात

शुजालपुर, 28 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 135वें एपिसोड का रविवार को शुजालपुर विधानसभा के सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने सामूहिक श्रवण किया. कार्यक्रम को लेकर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल रहा. ग्रामीण मंडल के बूथ क्रमांक 298 पर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री एवं शुजालपुर विधायक इंदर सिंह परमार ने कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ कार्यक्रम सुना. नगर मंडल के बूथ क्रमांक 268 पर जिला महामंत्री एवं मन की बात प्रभारी विजय सिंह बैस ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम का श्रवण किया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार समाज में सकारात्मक परिवर्तन और सेवा भावना को नई दिशा देते हैं. वहीं बूथ क्रमांक 261 पर नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार, नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, पार्षद रेखा सुरेंद्र तोमर एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम सुना. बबीता परमार ने कहा कि मन की बात देश की सांस्कृतिक चेतना और जनभागीदारी को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है.

महिला से दुष्कर्म, आरोपी की मां ने पीड़िता को पीटा

शाजापुर, 28 जून. मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने अपने ही गांव के एक युवक पर घर में घुसकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है. महिला का आरोप है कि उसने जब यह बात आरोपी की मां को बताई, तो उसने भी महिला के साथ मारपीट की. महिला ने थाने में शिकायत की है. पुलिस ने आरोपी मां-बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि घटना 23 जून की रात की है. वह अपने घर में अकेली सो रही थी. तभी रात के करीब 12 बजे गांव का रहने वाला सूरज घर में घुस आया. उसने महिला के साथ जबरदस्ती की और वारदात को अंजाम देकर मौके से भाग निकला. पीड़िता ने अगले दिन आरोपी की मां संतोष को इस करतूत के बारे में बताया, तो उसकी मां ने उल्टे महिला को ही गाली-गलौज करते हुए गैस के पाइप से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे महिला को चोंट आई है. वहीं जब पीड़िता का जीजा उसे इलाज के लिए ले जाने लगा, तो आरोपी की मां ने उन दोनों को जान से मारने की धमकी भी दी. उसके बाद दोनों अस्पताल गए और नलखेड़ा के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा. हालत में थोड़ा सुधार होने के बाद पीड़िता अपनी बहन और जीजा के साथ मोहन बड़ोदिया थाने पहुंची और आपबीती सुनाई. पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मुख्य आरोपी सूरज और उसकी मां संतोष बाई के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

अघोषित बिजली कटौती से परेशान हुए ग्रामीणजन

मक्सी, 28 जून. कनासिया नाका एवं कनासिया ग्राम सहित आसपास के 15 से 20 गांवों के ग्रामीण इन दिनों लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या से परेशान हैं. ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में 15 से 20 मिनट के अंतराल में बिजली की आंख-मिचौली जारी रहती है, जिससे आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है. इसका असर व्यापार, शिक्षा, कृषि कार्य एवं घरेलू गतिविधियों पर भी पड़ रहा है.

बिजली समस्या को लेकर जनपद सदस्य विकास भारती ने कनासिया स्थित एमपीईबी कार्यालय पहुंचकर घेराव किया तथा क्षेत्र की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की. उन्होंने कहा कि कनासिया से जुड़े 15 से 20 गांवों के कारण कहीं भी फॉल्ट आने पर पूरे क्षेत्र की बिजली बंद हो जाती है. उन्होंने कनासिया के लिए अलग फीडर व्यवस्था करने की मांग भी उठाई. नवभारत से चर्चा के दौरान जनपद सदस्य विकास भारती ने बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग में व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमराई हुई हैं. उनका आरोप है कि कई स्थानों पर ट्रांसफॉर्मर लंबे समय से खराब पड़े हैं. जर्जर केबलों की मरम्मत समय पर नहीं हो रही है तथा किसानों और उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विभागीय कार्यप्रणाली में भ्रष्टाचार व्याप्त है और आम उपभोक्ताओं की शिकायतों का समय पर निराकरण नहीं किया जाता.

...तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा

उन्होंने कहा कि एक ओर शासन विभिन्न सेवाओं को ऑनलाइन कर रहा है, वहीं दूसरी ओर लगातार बिजली बाधित रहने से किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है. यदि शीघ्र ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो कनासिया, गोलवा, बरंडवा, फान्या, टिटोड़ी, बंजारी, नैनावद, लिंबोदा सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों के साथ व्यापक आंदोलन किया जाएगा. जब इस संबंध में नवभारत संवाददाता ने कनासिया के एमपीईबी सुपरवाइजर मेहर सिंह सिंगाड़िया से दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर पक्ष जानना चाहा, तो उन्होंने यह कहकर फोन कट कर दिया कि मोबाइल की रेंज में आकर आपसे बात करता हूं.

चोरों ने सूने मकान को बनाया निशाना, लाखों का माल गायब

सुसनेर, 28 जून. इतवारिया क्षेत्र में रविवार देर रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है. अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए घर में रखी गोदरेज की अलमारी सहित पूरे सामान को खंगाल डाला. घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है.

जानकारी के अनुसार मकान मालिक अपने पूरे परिवार के साथ किसी आवश्यक कार्य से शहर से बाहर गए हुए थे. इसी दौरान चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाकर घर में प्रवेश किया और कमरों में रखे सामान को बिखेरते हुए अलमारी व अन्य कीमती वस्तुओं की तलाश की. सुबह जब पड़ोसियों को घटना की जानकारी लगी, तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलने के बाद सुबह करीब साढ़े 11 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों का सुराग लगाया जा सके.

मीडिया से दूरी बनाई...

घटनास्थल पर मौजूद पत्रकारों ने पुलिस से मामले की जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने मीडिया से दूरी बनाए रखी और कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की. पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है तथा जल्द ही आरोपियों का पता लगाने का प्रयास किया जाएगा.

जहरीले पदार्थ से युवती की मौत

शुजालपुर, 28 जून. शहर स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए लाई गई 19 वर्षीय युवती की मौत हो गई, बताया जाता है कि जहरीले पदार्थ के सेवन के चलते लक्ष्मी मेवाड़ा पिता भगवानसिंह 19 वर्ष निवासी मदाना को रविवार की दोपहर को उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, जिसने उपचार के दौरान दम तोड दिया. जहरीले पदार्थ के सेवन का कारण ज्ञात नहीं हो सका. पुलिस मंडी ने सूचना पर मृतका लक्ष्मी के शव का परीक्षण सिविल अस्पताल शुजालपुर में करवाया.

स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य, मिला राज्य स्तरीय सम्मान



स्वस्थ यकृत मिशन और नवाचारों के लिए शाजापुर जिला पुरस्कृत

शाजापुर, 28 जून. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश द्वारा जारी आदेश के अनुसार शाजापुर जिले को स्वस्थ यकृत मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य एवं नवाचारों के लिए राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया गया. यह सम्मान 28 जून को आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदान किया गया.

स्वास्थ्य विभाग को यह उपलब्धि कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के मार्गदर्शन एवं सीएमएचओ डॉ. कमला आर्य की सतत मॉनिटरिंग व स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधार के लिए किए गए प्रभावी प्रयासों का परिणाम है. उनके नेतृत्व में जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार एवं नवाचार संभव हो सके. समारोह में शाजापुर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ. गोपाल मकवाना एनसीडी नोडल अधिकारी, डॉ. महेंद्र परमार विकासखंड चिकित्सा अधिकारी पोलायकलां एवं शैलेन्द्र सोनी प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने सम्मान ग्रहण किया. सीएमएचओ डॉ. आर्य ने स्वास्थ्य विभाग की समस्त टीम, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे जिले के सामूहिक प्रयासों, समर्पण एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है.

राज्य कर्मचारी कल्याण समिति अध्यक्ष का स्वागत

शुजालपुर, 28 जून. मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) रमेशचंद्र शर्मा के शुजालपुर आगमन पर मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय सचिव गौरव सक्सेना के नेतृत्व में उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया. इस दौरान संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग रखी. साथ ही शिक्षकों को ई-अटेंडेंस व्यवस्था में राहत प्रदान करने का भी आग्रह किया. कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ एवं पेंशनर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. इनमें नरेन्द्र राजपूत, रितेश यादव, संजय देशमुख, सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे.

समाज की एकजुटता के लिए प्रयासरत रही कबीर वाणी

कबीर फाउंडेशन ने सामाजिक समरसता के साथ मनाया सद्गुरु कबीर प्रकटोत्सव

शाजापुर, 28 जून. कबीर के भजन और उनकी वाणी समस्त समाज को एकजुट करने का निरंतर प्रयास करती रही है. उनके प्रयासों से आज हमें समाज में एकजुटता दिखाई देती है, जो काफी प्रशंसनीय है.

यह बात विधायक अरुण भीमावद ने मालवीय बलाई समाज धर्मशाला में आयोजित कबीर प्रकटोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही. उन्होंने कहा कि हम बचपन से कबीर की वाणी के बारे में पढ़ते और सुनते आए हैं. हमारी हर पीढ़ी उनके सत्कर्मों से परीचित है और आज सौभाग्यशाली हैं कि उनके प्रकटोत्सव मनाने का हमें सौभाग्य मिल रहा है. भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने कहा कि कबीर फाउंडेशन द्वारा सामाजिक समरसता की दिशा में जो कार्य कर रहा है वह प्रशंसनीय है. समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए कम है. युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कबीर फाउंडेशन संस्थापक दिलीप सिंह बामनिया के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय कबीर भजन गायक दीप गुरु इंदौर महंत गुरुचरणदास, अशोक टिपानिया, गीता पराग, प्रीतम मालवीय, महंत महेशदास आदि मौजूद थे. संचालन अनिल मालवीय ने किया. आभार नारायण सिंह मालवीय ने माना.

एक नजर में महंगे सोयाबीन बीज पर किसानों का दांव, 5 जुलाई से अच्छी बारिश की उम्मीद ने बढ़ाया भरोसा

बारिश की आस : खेतों में उतरे ट्रैक्टर, डोंगरगांव-सालियाखेड़ी में 80 प्रतिशत बुआई

सोयतकला, 28 जून. क्षेत्र में खरीफसीजन की बुआई ने रफ्तार पकड़ ली है. डोंगरगांव और सालियाखेड़ी सहित आसपास के गांवों में किसान ट्रैक्टरों की मदद से दिन-रात खेतों में बुआई करने में जुटे हुए हैं. डोंगरगांव और सालियाखेड़ी में करीब 80 प्रतिशत बुआई का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि कुछ किसान अभी भी अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं.

करीब 10 दिन पहले बुवाई करने वाले किसानों के खेतों में सोयाबीन का अंकुरण शुरू हो गया है. नन्हें पौधे खेतों से बाहर दिखाई देने लगे हैं, लेकिन अब उन्हें अच्छी बढ़वार के लिए बारिश का इंतजार है. किसानों का कहना है कि समय पर पानी गिर गया तो फसल अच्छी होगी और उनके चेहरों पर भी खुशी लौट आएगी. इस बार बाजार में सोयाबीन बीज की कीमत 8000 से 8500 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचने के बावजूद किसानों ने बेहतर उत्पादन की उम्मीद में महंगा बीज खरीदा और समय रहते बुवाई पूरी कर ली. किसानों का मानना है कि यदि लगातार बारिश शुरू हो जाती, तो खेतों में सूखापन नहीं आता और फसल को शुरुआती चरण में पर्याप्त नमी मिल जाती.

आसमान पर टिकी निगाहें ...

बारिश की उम्मीद के साथ किसानों की निगाहें अब आसमान पर टिकी हैं . यदि मौसम का अनुमान सही साबित होता है, तो क्षेत्र में खरीफ फसल की बेहतर शुरुआत होने के साथ इस वर्ष अच्छी पैदावार की उम्मीद भी मजबूत होगी . और यदि बारिश की खेंच हो जाती है, तो किसानों को निराशा हाथ लगेगी .

बारिश के सीजन में आती है ये परेशानी ...

ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों तक जाने वाले कई रास्ते खराब होने के कारण बारिश के बाद ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों का खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है . इसी वजह से किसानों ने मौसम का अनुमान देखते हुए पहले ही बुवाई करना उचित समझा . मौसम विभाग के मौसम वैज्ञानिक सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि वर्तमान में की गई बुवाई को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है . आने वाले दिनों में रुक-रुक कर वर्षा का क्रम बना रहेगा तथा 5 जुलाई से लगातार अच्छी बारिश होने की संभावना है . इससे फसलों को पर्याप्त नमी मिलेगी और किसानों को राहत मिलेगी .